संख्या-155/2023/931ई/23-11-2023/001-1-1-32-2019 टी0सी0

प्रेषक,

राज कुमार,
अनु सचिव,
उत्तर प्रदेश शासन।

सेवा में,

प्रमुख अभियन्ता (विकास) एवं विभागाध्यक्ष,
लोक निर्माण विभाग,
उ0प्र0 लखनऊ।

लोक निर्माण अनुभाग-11 **लखनऊ : दिनांक 07 मई, 2023**

विषय:-वित्तीय वर्ष 2023-24 में राज्य राजमार्गो के चौड़ीकरण/सुदृढीकरण के चालू कार्यो पर धनावंटन के सम्बन्ध में।

महोदय,

उपर्युक्त विषयक मुख्य अभियंता (मु0-1), लोक निर्माण विभाग, लखनऊ के पत्र संख्या-3930/CE-HQ1/RY(SH)/LKO/2023-24, दिनांक 27-04-2023, पत्र संख्या-3931/CE-HQ1/RY(SH)/KNP/2023-24, दिनांक 27-04-2023, पत्र संख्या-3974/CE-HQ1/RY(SH)/PRJ/2023-24, दिनांक 28-04-2023, पत्र संख्या-3975/CE-HQ1/RY(SH)/BAN/2023-24, दिनांक 28-04-2023, पत्र संख्या-3976/CE-HQ1/RY (SH)/LKO/2023-24, दिनांक 28-04-2023, पत्र संख्या-3977/CE-HQ1/RY(SH)/VNS/2023-24, दिनांक 28-04-2023, पत्र संख्या-4011/CE-HQ1/RY(SH)/MIR/2023-24, दिनांक 29-04-2023, पत्र संख्या-4089/CE-HQ1/RY(SH)/BAR/2023-24, दिनांक 02-05-2023, पत्र संख्या-4090/CE-HQ1/RY(SH)/ ADY/2023-24, दिनांक 02-05-2023 एवं पत्र संख्या-4126/CE-HQ1/RY(SH)/BAR/2023-24, दिनांक 03-05-2023 के संदर्भ में मुझे यह कहने का निदेश हुआ है कि राज्य राजमार्गो के चौड़ीकरण/सुदृढीकरण के अधोलिखित 14 चालू कार्यो पर वित्तीय वर्ष 2023-24 में कुल रू0 14980.91 लाख (रू0 एक अरब उन्चास करोड़ अस्सी लाख इक्यानबे हजार मात्र) की धनराशि निम्नलिखित विवरण/शर्तो सहित अवमुक्त किये जाने की श्री राज्यपाल सहर्ष स्वीकृति प्रदान करते है:-

(धनराशि रूपये लाख में)

क्र0 सं0	खण्ड/ जनपद का नाम	कार्य का नाम	स्वीकृत/ प्रावैधिक/गठित अनुबन्ध की लागत/गठित अनुबन्ध के आधार पर बचत/ बचत के उपरान्त लागत	अब तक आवंटन	अवमुक्त धनराशि		
					अनु0 सं0-58	अनु0 सं0-83	योग
1	2	3	4	5	6	7	8
1	नि0ख0-3 खीरी	जनपद लखीमपुर खीरी में बिलरायाँ-पनवारी (राज्य मार्ग सं0-21) के कि0मी0 20 से 27 तक (लम्बाई 10.80 कि0मी0) चौड़ीकरण एवं सुदृढीकरण का कार्य।	2506.10 2506.10 2001.11 29.44 2476.66	1947.51	**318.19**	**85.65**	**403.84**
2	प्रा0ख0 फर्रूखाबाद	जनपद फर्रूखाबाद में जलालाबाद-शमशाबाद-मोहम्मदाबाद-सौरिख-विधूना मार्ग (राज्य मार्ग सं0-163) (भाग-2) मोहम्मदाबाद शमशाबाद मार्ग एवं मोहम्मदाबाद ताजपुर छिबरामऊ मार्ग के चौड़ीकरण एवं सुदृढीकरण का कार्य।	4713.26 4713.26 3651.35 6.20 4707.06	4606.64	**79.12**	**21.30**	**100.42**
3	नि0ख0-2 फतेहपुर	जनपद फतेहपुर में फतेहपुर-बबेरू-अतर्रा-नरैनी-करतल मार्ग (राज्य मार्ग सं0-71) के चैनेज 1.100 से 25.800 तक (लम्बाई 24.700 कि0मी0) के चौड़ीकरण का कार्य।	3639.47 3639.47 1796.28 415.08 3224.39	759.87	**635.12**	**170.97**	**806.09**
4	नि0ख0-2 फतेहपुर	जनपद फतेहपुर में पुखराया-घाटमपुर-बिन्दकी का निष्कासित भाग (बकेवर से बिन्दकी तक) मार्ग (राज्य मार्ग सं0-46ए) के चैनेज 0.00 से 13.316 के (लम्बाई 13.316 कि0मी0) चौड़ीकरण एवं सुदृढीकरण का कार्य।	2582.08 2582.08 1169.91 182.02 2400.06	505.52	**472.75**	**127.26**	**600.01**
5	प्रा0ख0 चित्रकूट	जनपद चित्रकूट में बांदा-बिसण्डा-ओरन-नादी-भौरी मार्ग (एस0एच0-133) के चैनेज 50.400 से	7852.86 7852.86 4283.98 50.28 7802.58	4275.65	**1418.22**	**381.78**	**1800.00**

		80.310 (लम्बाई 29.91 कि0मी0) का चौड़ीकरण एवं सुदृढीकरण का कार्य।					
6	नि0ख0-1 खीरी	जनपद लखीमपुर खीरी में बिलराया-पनवारी मार्ग (राज्य मार्ग सं0-21) के 36(800) से 38 तक (लम्बाई 2.80 कि0मी0) चौड़ीकरण एवं सुदृढीकरण का कार्य।	1076.76 1076.76 863.13 12.37 1064.39	532.18	**209.65**	**56.44**	**266.09**
7	नि0ख0 सीतापुर	जनपद सीतापुर में महोली हरगांव लहरपुर-भदफर मार्ग (राज्य राजमार्ग सं0-140) के चौड़ीकरण एवं सुदृढीकरण का कार्य (लम्बाई 35.280 कि0मी0)।	4688.51 4688.51 4144.15 187.54 4500.97	4275.92	**177.06**	**47.67**	**224.73**
8	प्रा0ख0 उन्नाव	जनपद उन्नाव में पुरवा मिर्रीकला भगवन्तनगर दूधीकगार मार्ग (राज्य मार्ग सं0-165) (लम्बाई 55.60 किमी0) के चौड़ीकरण एवं सुदृढीकरण का कार्य।	14332.88 14332.88 11124.20 Nil 14332.88	13614.78	**565.79**	**152.31**	**718.10**
9	नि0ख0-2 जौनुपर	जनपद जौनपुर में सुजानगंज-केराकत-सुल्तानपुर मार्ग (राज्य मार्ग सं0-151) के चैनेज 0.000 से 14.870 एवं 47.680 से 69.200 तक (लम्बाई 36.39 कि0मी0) में चौड़ीकरण एवं सुदृढीकरण का कार्य।	3706.57 3706.57 2886.65 74.48 3632.09	3217.68	**183.42**	**49.38**	**232.80**
10	नि0ख0-1 वाराणसी	जनपद वाराणसी में वाराणसी-भदोही-गोपीगंज मार्ग (एस0एच0-87) के चैनेज 4.310 से चैनेज 12.910 तक 04 लेन में चौड़ीकरण एवं सुदृढीकरण (राज्य मार्ग सं0-87) (लम्बाई 8.600 कि0म0) का कार्य।	26910.60 26910.00 12731.37 89.60 26820.40	2433.60	**1969.75**	**530.25**	**2500.00**
11	प्रा0ख0 भदोही	जनपद भदोही में दुर्गागंज-गोपीगंज-मिर्जापुर मार्ग (राज्य मार्ग सं0-153) के चौड़ीकरण एवं सुदृढीकरण का कार्य (लम्बाई 27.40 कि0मी0)।	3118.60 3118.60 2380.68 10.00 3108.60	2992.67	**91.34**	**24.59**	**115.93**
12	नि0ख0-1 शाहजहांपुर	जनपद शाहजहांपुर में पुवायॉ निगोही तिलहर जैतीपुर-दातागंज-बदायूँ मार्ग (राज्य मार्ग सं0-126) के चै0 76.567 से 83.567 तक (लम्बाई 7.00 कि0मी0) (जनपद शाहजहांपुर सम्भाग) मार्ग का चौड़ीकरण एवं सुदृढीकरण का कार्य।	2165.26 2165.26 1576.95 252.70 1912.56	541.32	**376.73**	**101.41**	**478.14**
13	प्रा0ख0 अयोध्या	जनपद फैजाबाद में फैजाबाद-अकबरपुर-बसखारी मार्ग (बहराईच फैजाबाद-आजमगढ़ मार्ग एस0एच0-30 के चैनेज 118.25 से 155.000 तक जनपद फैजाबाद में एवं 155.000 से 199.200 तक अम्बेडकर नगर) का 40 लेन निर्माण (लम्बाई 80.395 कि0मी0)।	39377.75 39377.75 25889.93 Nil 39377.75	14300.00	**3939.50**	**1060.50**	**5000.00**
14	नि0ख0-1 शाहजहांपुर	जनपद शाहजहांपुर में पुवायॉ-निगोही-तिलहर-जैतीपुर-दातागंज-बदायूँ मार्ग (राज्य मार्ग सं0-126) के चैनेज 48.600 से 71.567 तक (लम्बाई 22.85 कि0मी0) चौड़ीकरण एवं सुदृढीकरण का कार्य।	8113.48 8113.48 5777.62 1174.41 6939.07	2028.37	**1366.82**	**367.94**	**1734.76**
		योग:-			**11803.46**	**3177.45**	**14980.91**

<u>नियम व शर्ते/प्रतिबन्धों</u>

(1) प्रश्नगत चालू कार्यो हेतु आवंटित धनराशि का व्यय/उपयोग वित्त विभाग द्वारा निर्गत आदेशों/ज्ञापों में उल्लिखित शर्तो के अनुसार बजट मैनुअल एवं वित्तीय हस्त पुस्तिका के नियमों, स्थाई आदेशों आदि का अक्षरश: अनुपालन सुनिश्चित करते हुए किया जायेगा तथा किसी भी दशा में प्रश्नगत कार्य हेतु आवंटित धनराशि का उपयोग किसी अन्य मद में नहीं किया जायेगा।

(2) प्रश्नगत कार्यो हेतु आवंटित धनराशि का उपयोगिता प्रमाण-पत्र/कार्यो के सपंरिक्षित लेखा निर्धारित समयावधि में कार्यालय महालेखाकार, उ0प्र0, प्रयागराज एवं शासन को उपलब्ध करा दिया जाय।

(3) अवमुक्त की जा रही धनराशि के व्यय से पूर्व उपरोक्त परियोजनाओं के सम्बन्ध में प्रशासकीय एवं वित्तीय स्वीकृति विषयक शासनादेश की समस्त शर्तो एवं प्रतिबन्ध का अक्षरश: अनुपालन सुनिश्चित किया जायेगा।

(4) लोक निर्माण विभाग में सी0सी0एल0 प्रणाली समाप्त किए जाने के फलस्वरूप वर्क्स से सम्बन्धित बजट के ऑन लाइन आवंटन किए जाने हेतु डी0डी0ओ0 कोड आवंटन विषयक वित्त (आय-व्ययक) अनुभाग-1 के शासनादेश संख्या-10/2022/बी-1-345/दस-2022, दिनांक 04-05-2022 तथा कार्यमदों

के व्यय को सी0सी0एल0 प्रणाली से मुक्त रखते हुए सामान्य कोषागार प्रणाली से आच्छादित किए जाने के सम्बन्ध में वित्त (लेखा) अनुभाग-2 के कार्यालय ज्ञाप संख्या-3/2022/ए-2-76/दस-2022-10(9)/95, दिनांक 13-04-2022 में निहित व्यवस्था/शर्तो का अनुपालन सुनिश्चित किया जायेगा।

(5) अवमुक्त की जा रही धनराशि का व्यय किए जाने से पूर्व वित्त विभाग के कार्यालय ज्ञाप संख्या-2/2023/बी-1-227/दस-2023-231/2023, दिनांक-17-03-2023 में निहित निर्देशों का अक्षरश: अनुपालन सुनिश्चित किया जायेगा।

(6) प्रश्नगत कार्यो हेतु धनराशि की स्वीकृति इस प्रतिबन्ध के साथ प्रदान की जा रही है कि यदि कोई कार्य नगरीय सीमा के अन्तर्गत सम्मिलित है, तो प्रमुख अभियन्ता (विकास) एवं विभागाध्यक्ष, लोक निर्माण विभाग, लखनऊ द्वारा यह सुनिश्चित किया जायेगा कि नगरीय निकाय चुनाव के दृष्टिगत आदर्श चुनाव आचार संहिता प्रभावी रहने तक उक्त कार्यो हेतु धनराशि निर्गत न की जाय।

2- इस संबंध में होने वाला व्यय (1) रू0 1,18,03,46,000(रूपये एक अरब अट्ठारह करोड़ तीन लाख छियालीस हजार मात्र) को चालू वित्तीय वर्ष 2023-2024 के आय-व्ययक मे अनुदान संख्या 058 लेखा शीर्षक 5054033370303 राज्य राज मार्गो के सुदृढ़ीकरण एवं चौड़ीकरण के चालू कार्यो हेतु व्यवस्था मानक मद 24 वृहत् निर्माण कार्य(2) रूपये 31,77,45,000 (रूपये इक्तीस करोड़ सतहत्तर लाख पैतालीस हजार मात्र) को चालू वित्तीय वर्ष 2023-2024 के आय-व्ययक मे अनुदान संख्या 083 लेखा शीर्षक 5054037890300 राज्य मार्गो के चौड़ीकरण/सुदृढ़ीकरण के कार्यो हेतु मानक मद 24 वृहत् निर्माण कार्य के नामे डाला जायेगा।

3- यह आदेश वित्त (आय-व्ययक) अनुभाग-1 के कार्यालय ज्ञाप संख्या-2/2023/बी-1-227/दस-2023-231/2023, दिनांक-17-03-2023 में प्रशासकीय विभाग को उक्तवत प्रतिनिधानित अधिकार के अंतर्गत निर्गत किये जा रहे है।

भवदीय,

(राज कुमार)
अनु सचिव।

<u>संख्या-155/2023/931ई/23-11-2023/001-1-1-32-2019 टी0सी0, तद्दिनांक</u>

प्रतिलिपि निम्नलिखित को सूचनार्थ एवं आवश्यक कार्यवाही हेतु प्रेषित:-

1- निजी सचिव, मा0 मंत्री जी, लोक निर्माण विभाग, उ0प्र0 शासन।
2- निजी सचिव, मा0 राज्यमंत्री जी, लोक निर्माण विभाग, उ0प्र0 शासन।
3- महालेखाकार (लेखा एवं हकदारी) प्रथम/द्वितीय, उ0प्र0 प्रयागराज।
4- महालेखाकार (लेखा-परीक्षा) प्रथम/द्वितीय, उ0प्र0 प्रयागराज।
5- सम्बन्धित मण्डलायुक्त/जिलाधिकारी।
6- मुख्य अभियन्ता (मु0-1), लोक निर्माण विभाग, लखनऊ।
7- वित्त नियंत्रक, लोक निर्माण विभाग, लखनऊ।
8- सम्बन्धित मुख्य अभियन्ता, लोक निर्माण विभाग।
9- सम्बन्धित वरिष्ठ कोषाधिकारी/कोषाधिकारी।
10- सम्बन्धित अधिशासी अभियन्ता, लोक निर्माण विभाग।
11- वित्त (व्यय-नियंत्रण) अनु0-8/वित्त (आय-व्ययक) अनु0-1, उ0प्र0 शासन।
12- राज्य योजना आयोग-1/2, उ0प्र0 शासन।
13- अधीक्षण अभियन्ता, नियोजन/परियोजना, लोक निर्माण विभाग, लखनऊ।
14- लोक निर्माण अनुभाग-1/9/10/12 एवं 14, उ0प्र0 शासन।
15- नोडल अधिकारी (आनलाईन बजट एलॉटमेन्ट सिस्टम), लोक निर्माण विभाग, उ0प्र0 शासन।
16- गार्ड फाइल।

आज्ञा से,

(राज कुमार)
अनु सचिव।

http://shasanadesh.up.nic.in